**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 14-10-2022**

**जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-10-14 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-10-15 | 2022-10-16 | 2022-10-17 | 2022-10-18 | 2022-10-19 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 36.0 | 36.0 | 35.0 | 35.0 | 36.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 20.0 | 20.0 | 20.0 | 20.0 | 20.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 26 | 22 | 21 | 21 | 25 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 12 | 9 | 8 | 9 | 9 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 8.0 | 6.0 | 8.0 | 11.0 | 16.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 165 | 199 | 181 | 224 | 233 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 35.0 से 36.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

## सामान्य सलाहकार:

चारे वाली फसलें जैसे रिजका, बरसीम व जई की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। जावी-8, ओ.एल-9, ओ.एल-529 व केन्ट, डी.एफ.ओ-57 जई की उन्नत किस्में हैं। आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्में है। मसकावी व वरदान बरसीम की उन्नत किस्में है।

## लघु संदेश सलाहकार:

पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए दूध निकालने की पूर्ण हस्त विधि का उपयोग करें।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चना | सरक्षित नमी में चने की बुवाई शुरू करें। चने की उन्नत किस्मों सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, आर.एस.जी-896, जी.एन.जी-1488, आर.एस.जी-974, जी.एन.जी-1958 व जी.एन.जी-663, की बुवाई करें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। 20 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें। |
| चना | फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। |
| सरसों | सरसों / राया की बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, सी एस- 52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्में है। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| प्याज | प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | रबी की फसलों की बुवाई से पहले खेतों को अच्छी प्रकार से साफ-सुथरा करें। मेड़ों, खेत के रास्तों तथा खाली खेतों को साफ-सुथरा करें। |
| सामान्य सलाह | अच्छी गुणवता की उपज प्राप्त करने के लिये खरीफ फसलों को अच्छी तरह धुप में सुखाने के बाद ही गहाई करें। |